हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 24 फरवरी, 2022/5 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 15

मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना

1840 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; और

(ख) रोहड़ू वृत्त के तहत इस योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा स्वीकृत योजना के नाम, धनराशि व कार्य की अद्यतन स्थिति सहित दें?

रेलवे-लाइन

1841 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश की सीमा में कितनी किलोमीटर लम्बी रेलवे-लाइन है; गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितनी नई रेलवे लाइनें बिछाई गईं व कितनी प्रस्तावित हैं; केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; और

(ख) इस अवधि में कितनी रेलवे लाइनों के सर्वेक्षण करवाए गए; प्रस्तावित की गई रेलवे लाइनों की अद्यतन स्थिति एवं सर्वेक्षण का ब्यौरा योजनाओं की अद्यतन स्थिति सहित दें?

Amrut Mission

1842 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कहां-कहां Amrut Mission पर कार्य चल रहा है; इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक Amrut Mission के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य पूर्ण किए गए; कार्यों का ब्यौरा नोडल एजेंसी, ठेकेदारों के नाम व अद्यतन स्थिति सहित दें?

भूमि अधिग्रहण

1843 **श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उद्योग निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि का अधिग्रहण कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

अंडर ग्राउंड डस्टबिन

1844 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि धर्मशाला स्मार्ट सिटी में अंडर ग्राउंड डस्टबिन स्थापित किए गए हैं; क्या ये डस्टबिन फंक्शनल हैं; और

(ख) इनके लिए कितनी धनराशि व्यय की गई; इस प्रकार के कितने डस्टबिन स्थापित किए गए हैं; ब्यौरा प्रत्येक डस्टबिन पर व्यय की गई धनराशि सहित दें?

रैन बसेरे

1845 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में कुल कितने रैन बसेरे सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं; इन रैन बसेरों में क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं; रैन बसेरे के स्थानों का नाम सहित ब्यौरा दें?

ऑनलाइन आर0टी0आई0

1846 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने आर0टी0आई0 ऑनलाइन देने की सुविधा उपलब्ध करवाई है; और

(ख) क्या यह सुविधा सरकार या किसी निजी संस्था द्वारा प्रदान की जा रही है; ऑनलाइन सुविधा का फीस सहित ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

1847 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2019 से 01.02.2022 तक कितनी सड़कों का निर्माण नाबार्ड के तहत हुआ है; कितनी सड़कों को नाबार्ड के तहत तकनीकी स्वीकृति प्रदान हो चुकी है; इन सड़कों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है व कितना व्यय हो चुका है; ब्यौरा दें?

सौन्दर्यीकरण

1848 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नलसर, रिवालसर व कुंतभय झील को सरकार पर्यटन की दृष्टि से विकसित व सौन्दर्यीकरण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

कॉपरेटिव बैंक भवन

1849 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लूनापानी में कॉपरेटिव बैंक व कार्यालय के भवन निर्माण का भूमि पूजन कर दिया गया है; इसका निर्माण कार्य कब आरंभ किया जाएगा; और

(ख) इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है और यह कब तक बनकर तैयार हो जाएगा?

पंजीकृत बेरोज़गार

1850 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने शिक्षित बेरोज़गार (Minimum 10+2) विभिन्न रोज़गार कार्यालयों में पंजीकृत हैं; ब्यौरा नाम, पते व पंजीकरण की तिथि सहित दें; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक सरकार ने इस क्षेत्र के कितने लोगों को (निजी व सरकारी क्षेत्र) रोज़गार प्रदान किया; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम, पते व संस्थान सहित दें?

व्यय की गई धनराशि

1851 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पर्यावरण विभाग द्वारा कितनी धनराशि किस कार्य के लिए व्यय की गई है; ब्यौरा कार्यों के नाम, कार्य स्थल व व्यय की गई धनराशि सहित दें?

MLA Priority

1852 **Sh. Satpal Singh Raizada (Una):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01st February, 2022, how much funds have been sanctioned under MLA Priority in Una Assembly Constituency; details with date of funds released and the date on which it was received by the concerned Departments be given; and

(b) what is the latest position of construction of each scheme; details be given?

बंदूक लाइसेंस

1853 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में कितने नए बंदूकों के लाइसेंस बनवाने हेतु आवेदन प्राप्त हुए; जिलावार आवेदकों का ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें से कितने आवेदकों को विभिन्न श्रेणियों (स्वसुरक्षा, फसल की हिफ़ाजत व रोज़गार इत्यादि) हेतु लाइसेंस दिए गए; ब्यौरा दें?

स्वास्थ्य केन्द्र

1854 श्री हीरा लाल (करसोग):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य, उप-स्वास्थ्य व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं; नाम व पदों की संख्या सहित ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।